# 24 घंटे चलने वाला बस स्टैंड असुरक्षित

## न सीसीटीवी कैमरे, न पर्याप्त पुलिस, सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम न होने से यात्रियों की जान-माल पर लगातार बना हुआ खतरा

नवभारत न्यूज

**सागर 7 जनवरी. प्रदेश के महत्वपूर्ण बस स्टैंडों में शामिल सागर का मुख्य डॉ. सर हरिसिंह गौर बस स्टैंड ऐसा प्रमुख केंद्र है, जहां दिन-रात 24 घंटे यात्री बसों का संचालन होता है और प्रतिदिन हजारों यात्रियों का आना-जाना रहता है, इसके बावजूद यहां सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम न होने से यात्रियों की जान-माल पर लगातार खतरा बना हुआ है.**

सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि यात्रियों की सुरक्षा के लिए अब नगर निगम द्वारा बस स्टैंड परिसर में सीसीटीवी कैमरे नहीं लगाए गए हैं. मिली जानकारी के अनुसार कुछ माह पहले बस स्टैंड परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए थे, लेकिन बस स्टैंड के अस्थायी स्थानांतरण के दौरान इन्हें हटा लिया गया, इसके बाद जब बस स्टैंड दोबारा अपने मूल स्थान पर लौटा, तो जिम्मेदारों ने कैमरे पुनः लगाने की जरूरत ही नहीं समझी. सीसीटीवी निगरानी के अभाव का नतीजा यह है कि बस स्टैंड परिसर में लगातार असामाजिक तत्वों का बोलबाला बढ़ता जा रहा है. यहां आए दिन विवाद, लड़ाई-झगड़े और मारपीट एवं छुरेबाजी की घटनाएं सामने आ रही हैं.



कुछ दिन पहले बस स्टैंड परिसर से मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था, वीडियो में एक युवक लोहे के पाइप से दूसरे युवक की बेरहमी से पिटाई करता नजर आया, यह वीडियो किसी यात्री द्वारा मोबाइल फोन से रिकॉर्ड किया गया था.

जानकारी के अनुसार मारपीट का वीडियो जिस स्थान का बताया जा रहा है वह बस स्टैंड से चंद कदमों की दूरी पर पुलिस सहायता केंद्र मौजूद है, इसके बावजूद घटना के वक्त पुलिस की मौजूदगी नजर नहीं आई. यात्रियों का कहना है कि कई बार विवाद लंबे समय तक चलते रहते हैं, लेकिन पुलिस मौके पर देर से पहुंचती है या पहुंचती ही नहीं. बस स्टैंड स्थित पुलिस सहायता की स्थिति भी चिंताजनक बनी हुई है, यहां केवल एक पुलिसकर्मी की तैनाती की गई है. यात्रियों और स्थानीय लोगों के अनुसार कोई बड़ी वारदात होती है तो सीसीटीवी कैमरे न होने से फुटेज के रूप में कोई पुख्ता सबूत उपलब्ध नहीं हो सकेगा. गौरतलब है कि शहर के इस मुख्य बस स्टैंड पर दिन की अपेक्षा रात के समय अधिक भीड़ रहती है. देर रात तक बसों का संचालन होने के कारण महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों की भी आवाजाही रहती है, सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम न होने से यात्रियों में डर का माहौल है. अब बड़ा सवाल यह है कि यदि यहां कोई गंभीर घटना घटती है, तो उसकी जिम्मेदारी आखिर कौन लेगा?

यात्री रमेश अहिरवार ने बताया कि रात के समय बस स्टैंड पर डर लगता है, न पुलिस दिखती है, न कोई निगरानी. कभी भी कुछ भी हो सकता है. महिला यात्री सीमा गौड़ का कहना है कि महिलाओं के लिए यह जगह बिल्कुल सुरक्षित नहीं है, आए दिन झगड़े होते हैं, लेकिन रोकने वाला कोई नहीं. दैनिक यात्री राजेश विश्वकर्मा ने बताया कि जब पुलिस चौकी पास में है तो फिर घटनाएं क्यों नहीं रुक रहीं? लगता है सब भगवान भरोसे चल रहा है. यात्री इमरान खान ने कहा कि मारपीट का वीडियो वायरल होने के बाद भी कोई बदलाव नहीं हुआ, सीसीटीवी लग जाएं तो कम से कम डर तो रहेगा.

# ठेकेदार से डेढ़ लाख रुपये की रिश्वत लेते पकड़ा गया पीएचई विभाग का अधीक्षक यंत्री

नवभारत न्यूज

**सागर 7 जनवरी. लोकायुक्त पुलिस ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के प्रभारी कार्यपालन यंत्री को डेढ़ लाख रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है.**

लोकायुक्त पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार आवेदक शैलेश कुमार पिता भगवान सिंह मौआर शासकीय ठेकेदार क्व॥श्व विभाग सागर मूल निवासी ग्राम सवना पोस्ट खुटहा थाना इमादपुर जिला भोजपुर बिहार हाल निवासी राजघाट रोड ने लिखित शिकायत पर जांच उपरांत संतोषी लाल बाथम कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, फूल सिंह यादव यादव ड्राइवर, कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, को कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग,- 1,50,000/- रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार किए गए है. शिकायत के अनुसार आवेदक द्वारा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग में जल जीवन मिशन के अंतर्गत जिले में ठेकेदारी का कार्य वर्ष 2022 से किया जा रहा था, इस मिशन अंतर्गत जो कार्य अधूरे रह गए थे उन्हें शासन द्वारा पुनरीक्षित किया गया था, उक्त अधूरे कार्य को पूर्ण किए जाने हेतु कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा ठेकेदारों से सहमति मांगी गई थी. आवेदक द्वारा सहमति दिए जाने के उपरांत बिल बुक की राशि 2 करोड़ 16 लाख 52000 के पांच प्रतिशत की राशि एफडीआर के माध्यम से शासन को जमा कर दिया गया.

पुनरीक्षित कार्यों के कार्य आदेश जारी करने एवं पुराने बिलों के भुगतान के एवज में प्रभारी कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड संतोषी लाल बाथम द्वारा रिश्वत में साढ़े तीन परसेंट राशि लगभग 6,00,000 रिश्वत की मांग की गई थी जिसकी शिकायत आवेदक द्वारा पुलिस अधीक्षक लोकायुक्त के समक्ष की गई. पुलिस अधीक्षक द्वारा शिकायत का सत्यापन कराया गया. सत्यापन संतोषी लाल बाथम, कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को स्वयं के वाहन चालकश्री यादव कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, के माध्यम से प्रथम किश्त के रूप में 1,50,000 रु.रिश्वत लेते रंगे हाथों लोकायुक्त पुलिस द्वारा पकड़ा गया. ट्रैपकर्ता निरीक्षक कमल सिंह उइके तथा निरीक्षक रंजीत सिंह, लोकायुक्त सागर स्टाफ शामिल हुए.

## एक नजर में



### बिलहरा में 78 ट्रेक्टर-ट्रालियों में रेडियम लगाए

**सागर.** बिलहरा में 78 ट्रेक्टर-ट्रालियों में रेडियम रिफलेक्टर टेप आरटीओ द्वारा लगाया गया. यह कार्य इस लिए महत्वपूर्ण है कि ट्रालियों के पीछे की ओर लाईट की व्यवस्था नहीं होती है, इस कारण रात्रिकाल में पीछे से आने वाले वाहनों के टकराने से कई बार दुर्घटनाएं घटित हुई है, जिससे जनधन की हानि होती है. वहीं यात्री वाहनों एवं स्कूली वाहनों की चैकिंग कार्यवाही करते हुए 10 वाहनों की जांच की गई, जिनमें से 03 यात्री बसों में निधारित मानक के अग्निशमन यंत्र न होने से उन वाहनों से 15 हजार रुपए एवं दो स्कूल बसों में एचएसआरपी नम्बर प्लेट, रिफलेक्टर टेप नहीं, वाहन से संबंधित दस्तावेज मौके पर नहीं पाये गये, चालक का लायसेंस नहीं आदि कमियां पाये जाने पर 3200 रुपए इस प्रकार कुल राशि रू. 18200/- वसूल की गई है.



### सीएमओ ने वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट का किया निरीक्षण

**राहतगढ़.** वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट का तहसीलदार एवं सीएमओ निर्मलसिंह राठौर ने निरीक्षण किया. जहां पर टैंक की सफाई करवाई गई, साथ ही पानी की टंकी की दीवारों पर ब्लीचिंग पाउडर की गई ताकि बैक्टीरिया और गंदगी को खत्म किया जा सके. परिसर में साफ-सफाई के साथ ट्रीटमेंट प्लांट पर स्थापित लैब में वॉटर सैंपल की जांच कराई गई. उन्होंने बताया कि स्वच्छ जल हर घर में जाये सभी कर्मचारियों को सख्त निर्देशित किया, अगर गन्दा पानी या अन्य कोई समस्या हो तो तुरंत निकाय में सूचित करें जिससे समय पर समस्या का समाधान किया जा सके. निरीक्षण के दौरान उपयंत्री आकाश जैन, स्वच्छता और जल प्रभारी सुनील कुमार विश्वकर्मा मौजूद रहें.



### पीएम कॉलेज के विद्यार्थियों ने किया भ्रमण

**सागर.** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय महाविद्यालय मकरोनिया के भूगोल विभाग के विद्यार्थियों ने भूगोल विभागाध्यक्ष डॉ. सुनील विश्वकर्मा एवं पुस्तकालयाध्यक्ष संतोष कोरी के नेतृत्व में म्यूजियम वैली कैंपस में डॉ. सर हरि सिंह गौर की सम्पूर्ण जीवनी एवं भूगोल विभाग का भ्रमण किया. भूगोल विभागाध्यक्ष डॉ. विनोद भारद्वाज ने व्यावहारिक भूगोल एवं भूगोल में कैरियर की संभावनाओं पर समस्त स्टॉफ के साथ उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया. संचालन डॉ. आर. बी. अनुरागी ने किया. कार्यक्रम में डॉ. सतीश सी, डॉ. शिवानी मीणा, डॉ. दीपिका वशिष्ट ने छात्र छात्राओं को भूगोल की उपयोगिता एवं कैरियर की संभावनाओं पर व्याख्यान दिया. शोधार्थियों ने प्रायोगिक भूगोल का डेमोंस्ट्रेशन देकर भूगोल की उपयोगिता बताई.



### विधायक ने दिए ठेकेदार पर कार्रवाई के निर्देश

**बीना.** विधायक एड. निर्मला सप्रे ने मूतिचूर नदी घाट पर नपा द्वारा अमृत योजना के अंतर्गत लगभग 60 लाख रुपए की लागत से जारी घाट निर्माण एवं सौंदर्यीकरण कार्य का निरीक्षण किया. विधायक ने निर्माण स्थल पर चल रहे कार्यों की बारीकी से समीक्षा की. कंक्रीट मिश्रण में सीमेंट का अनुपात निर्धारित मानकों की तुलना में कम पाया गया. विधायक ने सीएमओ को निर्देश दिए कि लापरवाही बरतने वाले संबंधित ठेकेदारों तथा कार्य से जुड़े जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाए.

# हाट बाजार से किसान उत्साहित



नवभारत न्यूज

**सागर 7 जनवरी. साप्ताहिक जैविक हाट बाजार से जैविक पद्धति से खेती करने वाले किसानों के साथ जैविक कृषि के समर्थक ग्राहक उत्साहित हैं.**

किसान ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए कई तरह के कृषि उत्पाद बिक्री के लिए हाट बाजार में ला रहे हैं. मौसमी फल, फूल और सब्जियों के अलावा हाट बाजार में किसान प्राकृतिक/जैविक रूप गेहूं, चावल के अलावा दलिया, तेल, गुड़, खांड जैसे अनेक उत्पाद ला रहे हैं. पीटीसी ग्राउंड के पास जिला प्रशासन के द्वारा हाट बाजार के लिए बैठकी की जगह इन किसानों को आशा की किरण लग रही है.

# सूबेदार वार्ड में जनचौपाल का आयोजन

नवभारत न्यूज

**सागर 7 जनवरी. आपकी महापौर आपके द्वार एवं जनचौपाल के अंतर्गत शिविर सूबेदार वार्ड स्थित गोलाकुआं के पास आयोजित किया गया.**



शिविर में वार्डवासियों ने सहभागिता कर अपनी समस्याएं दर्ज कराई, जिनका निराकरण मौके पर ही कराने की कार्रवाई की गई. शिविर में महापौर श्रीमती संगीता सुशील तिवारी, वरिष्ठ भाजपा नेता एवं महापौर प्रतिनिधि डॉ. सुशील तिवारी, एमआईसी सदस्य शैलेंद्र ठाकुर, संगीता जैन, राजकुमार पटेल, कंचन जड़िया, वार्ड पार्षद श्रीमती रूबी कृष्ण कुमार पटेल की उपस्थिति में नागरिकों की समस्याएं सुनी गई. महापौर श्रीमती तिवारी ने वार्डवासियों से कहा कि वे राजघाट से प्रदाय किए जा रहे स्वच्छ पेयजल का ही उपयोग करें तथा जब तक कुएं एवं हैंडपंप के पानी की गुणवत्ता की जांच पूर्ण न हो जाए, तब तक उसका उपयोग न करें. पूर्व पार्षद रामनाथ यादव ने कहा कि महापौर द्वारा जनसेवा के लिए प्रारंभ की गई यह पहल बहुत ही सराहनीय है. इस अवसर पर बालकृष्ण सोनी, शैलेश जैन, अतुल तिवारी, अनुराग तिवारी, राजेंद्र सेन, दीपक कोरी, सुभाष जैन, प्रशांत पटेल मौजूद थे.

# खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता के लिए जांच दल गठित

**सागर.** खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने एवं मिलावट से मुक्ति के लिए अभियान के तहत आम नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण, स्वास्थ्यप्रद एवं मानक खाद्य पदार्थों की उपलब्धता सुनिष्चित करने हेतु जिले में अनुविभागीय दण्डाधिकारी के नेतृत्व में तहसील स्तर पर जांच दल का गठन किया गया है. जांच दल में तहसीलदार, कनिष्ट आपूर्ति अधिकारी, खाद्य सुरक्षा अधिकारी, नापतौल अधिकारी शामिल रहेंगे. अन्य जिलों से अनाधिकृत रूप से आ रहे मिलावटी मावा एवं अन्य खाद्य पदार्थों की नमूना जांच, प्रतिष्ठानों पर घरेलू सिलेंडर के उपयोग होने पर कार्यवाही करें.

# कांग्रेस ने की मंत्री को बर्खास्त करने की मांग

नवभारत न्यूज

**बीना 7 जनवरी.नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय अमर्यादित भाषा का इस्तेमाल कर रहे हैं, ऐसे मंत्री को शीघ्र बर्खास्त कर देना चाहिए देश का चौथा स्तंभ पत्रकार से जिस तरह की भाषा का इस्तेमाल किया वह घोर निंदनीय है पत्रकार आईना दिखाता है.**



यह बात गांधी चौराहा पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष इंदर सिंह यादव ने कही. शहर कांग्रेस अध्यक्ष अनुराग ठाकुर ने कहा कि मंत्री श्री विजयवर्गीय जिस तरह से अशोभनीय भाषा का इस्तेमाल किया उसके विरोध में प्रदर्शन है. मौत की जिम्मेदारी लेने की जगह धमकी देने जैसी भाषा का इस्तेमाल कर रहे हैं. जिला युवा कांग्रेस महासचिव नरेंद्र सिंह ठाकुर ने कहा कि गंदे पानी की सप्लाई से कई मौतें हो चुकी है, सरकार को जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफा दे देना चाहिए. इस दौरान शशि मोहन तिवारी, निर्भय सिंह ठाकुर, एड. राजाराम अहिरवार, ओमप्रकाश पासु, प्रमोद राय, अजय प्रताप सिंह, श्याम व्यास परितोष तिवारी, मोनू अहिरवार, खुशीलाल अहिरवार, अशोक परिहार, रामकिशन अहिरवार, उमा नवैया, देवेंद्र कुशवाहा, एड. कृष्णा केथोरिया, शिवानी बौद्ध, ममता अहिरवार मौजूद थीं.

# कैंप का आयोजन कल

**सागर.** विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत पात्र युवाओं को मतदाता सूची में सम्मिलित करने हेतु जिले में विशेष कैम्प आयोजित किए जाएंगे. यह विशेष कैम्प 9 एवं 10 जनवरी को जिले के हायर सेकेंडरी स्कूलों, महाविद्यालयों एवं उच्च शिक्षा संस्थानों में आयोजित होंगे. अभियान के सफल संचालन के लिए प्रत्येक शैक्षणिक संस्था में नोडल अधिकारी की नियुक्ति की जाएगी.

नियुक्त नोडल अधिकारियों की जानकारी संबंधित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय एवं जिला कार्यालय को भेजना अनिवार्य होगा.

# सेन समाज की बैठक संपन्न




नवभारत न्यूज

**सागर 7 जनवरी. भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर जन्म शताब्दी 31 जनवरी को सम्मान समारोह को लेकर सेन समाज द्वारा तैयारी बैठक की गई.**

बैठक में बताया गया कि सभी लोग अपने-अपने क्षेत्र में कार्यक्रम को लेकर घर-घर जाकर समाजजन को पीले चावल देकर निमंत्रण किया जाएगा. बैठक में सभी वक्ताओं ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए. इस अवसर पर श्रीमती जानकी सेन को महिला मोर्चा का जिला शहर अध्यक्ष बनाया गया. इस दौरान विनोद सेन, भरत सेन, रामकिशन सेन, पूरनलाल सेन, भागीरथ सेन, राजेश्वर सेन राकेश वर्मा, महेश सेन, अनिल सेन, तुलसीराम सेन, पुष्पेंद्र सेन, अजय सेन, विनोद सेन, देवकीनंदन सेन, पप्पू सेन, डॉ नरेंद्र सेन, रजनीश सेन मौजूद थे.

# खेल प्रभारियों के साथ बैठक



नवभारत न्यूज

**सागर 7 जनवरी. खेलो एमपी यूथ गेम्स अंतर्गत ब्लाक स्तर पर चयन स्पर्धा जिला एवं संभाग स्तर पर 21 खेलों का आयोजन किया जाएगा तथा 06 खेल सीधे राज्य स्तर पर सहभागिता करेगें.**

उक्त संबंध में जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी प्रदीप सिंह रावत द्वारा विभिन्न खेल संघों की बैठक आयोजित की गई. बैठक में कहा कि विकासखंड स्तरीय समस्त विकासखंडों की चयन स्पर्धा 10 से 15 जनवरी के मध्य आयोजित की जावेगी, जिला स्तरीय प्रतियोगिता 17से 18 जनवरी बालक वर्ग तथा 19 से 20 जनवरी बालिका वर्ग में आयोजित की जावेगी, संभाग स्तरीय प्रतियोगिता 21 से 25 जनवरी के मध्य आयोजित की जावेगी. बैठक में कमला गौतम, राजेश गौड़, भीकम पटैल, वसीम राजा खान, श्यामलाल पाल, मनोज गौड़, डाली अवस्थी, प्रेमनेती राय, संगीता सिंह भदौरिया मंगल सिंह यादव, मकसूद खान, आकाश तिवारी, यशपाल अरोरा, पदम सिंह, भगवानदास कश्यप, दीपक कुमार, योगेश कोरी, विशाल तोमर, विजयदेव, राजेश ठाकुर सोहेल खान मौजूद थे.

# राष्ट्रीय संगोष्ठी आज

**सागर.** डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, तथा भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद् नई दिल्ली के तत्वावधान में उच्च शिक्षा में सामाजिक उत्तरदायित्व और सामुदायिक सहभागिता राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के संदर्भ में' विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन 8 एवं 9 जनवरी को किया जा रहा है. संगोष्ठी का उद्घाटन सत्र 8 जनवरी को अभिमंच सभागार में प्रात: 10.30 बजे से होगा. मुख्य अतिथि प्रो. चाँद किरण सलूजा एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रो. आर. पी. पाठक, प्रो. कौशल कुमार शर्मा, प्रो. प्रवीण तिवारी एवं प्रो. यशपाल होंगे. अध्यक्षता कुलपति प्रो. वायएस ठाकुर करेंगे. इस अवसर पर अधिष्ठाता प्रो. अनिल जैन एवं कुलसचिव डॉ. सत्य प्रकाश उपाध्याय भी मंचासीन रहेंगे.

# 12 वार्डों के तीन शक्ति केंद्रों की हुई बैठकें

नवभारत न्यूज

**खुरई 7 जनवरी. मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव के 10 जनवरी के खुरई रोड शो और आमसभा की तैयारियां बड़े पैमाने पर जारी हैं. पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह ने नगर पालिका क्षेत्र के 12 वार्डों के तीन शक्ति केंद्रों की बैठकें अलग-अलग स्थानों पर आयोजित बैठकों को सम्बोधित किया और तैयारियों की समीक्षा की.**

बैठकों में हुए स्वागत कार्यक्रमों में एक भी फूल माला का उपयोग नहीं हुआ. उन्हें स्वागत में 1100 कंबल और कापी,पेन, स्टेशनरी के अलावा श्रीरामचरितमानस और श्रीमद्भागवत गीता जी की पुस्तकों के बंडल भेंट किए. इस पूरी सामग्री को आयोजन स्थल पर आए जरूरतमंदों को वितरित कर दिया गया था.



पुराने आबकारी वेयरहाउस को विस्थापित कर निर्मित हुए सामुदायिक भवन में आयोजित बैठक में श्री सिंह ने कहा कि 10 जनवरी को मुख्यमंत्री खुरई में आ रहे हैं, उनके इस दौरे से खुरई विधानसभा क्षेत्र का व्यापक हित जुड़ा हुआ है, कोई भी बड़ा विकास का काम करना है तो बिना मुख्यमंत्री के नहीं हो सकता. मुख्यमंत्री आ रहे हैं तो अपने क्षेत्र में विकास के जो बड़े-बड़े काम रह गए हैं उन सभी कामों का निवेदन हम सब मुख्यमंत्री से करेंगे. उन्होंने कहा कि हम सब उनका स्वागत सत्कार करेंगे. खुरई के लिए हमें भी कुछ करना चाहिए यह भाव उनके मन में आएगा। तो खुरई के जो विकास कार्य रह गए हैं वह काम करने में सफलता मिलेगी. उन्होंने कहा कि खुरई में उद्योग कारखानों की स्थापना से लेकर अभी बहुत काम कराना है, यहां एक स्वागत कर्ता ने श्री सिंह को स्वागत में बड़ी संख्या में श्रीमद्भागवत गीता जी और श्री रामचरितमानस पुस्तकों की प्रतियां भेंट कीं जिन्हें श्रद्धाभाव के साथ लोगों को वितरित किया गया.

# स्टेशन क्षेत्र में चली नगर पालिका की जेसीबी

नवभारत न्यूज

**ललितपुर 7 जनवरी. जिला प्रशासन, राजस्व विभाग, नगर पालिका व पुलिस बल की संयुक्त टीम ने एसडीएम सदर मनीष कुमार, नायब तहसीलदार घनेन्द्र तिवारी, ईओ दिनेश कुमार विश्वकर्मा के नेतृत्व में स्टेशन तिराहे पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया.**



वहीं कुछ दुकानदारों द्वारा लिखित रूप में 02 दिन में स्वयं ही अतिक्रमण हटाये जाने की बात कही. एसडीएम ने उन्हें सख्त चेतावनी देते हुए 02 दिन के अंदर स्वयं ही अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिये. कहा कि यदि दो दिन के अंदर अतिक्रमण नहीं हटाया जाता है तो जेसीबी से अतिक्रमण को हटाते हुए जुर्माना वसूली की कार्यवाही की जायेगी. ईओ ने सभी दुकानदारों से अपील की है कि जो भी दुकानदार पालिका की नाली व सड़क पर अवैध रूप से सामग्री रखकर अतिक्रमण किये हुए है, वह उन्हें ही हटा ले. कहा कि रेलवे स्टेशन से लेकर नदी पुल तक मुख्य सड़क पटरी के दोनों ओर का अतिक्रमण हटाया जाना है, यह अभियान निरंतर जारी रहेगा. इस दौरान कर निर्धारण अधिकारी, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक, सदर लेखपाल, नजूल लिपिक, हेड सुपर वाइजर, गैरिज प्रभारी शामिल रहे.

# जिले में जमकर पनप रहा अवैध शराब, जुआ-सट्टा का कारोबार

नवभारत न्यूज

**सागर 7 जनवरी. जिलें में बीते एक सप्ताह में घटित गैंगरेप, हत्या, आत्महत्या, चोरी,लूट, कटरबाजी की घटनाओं सहित अवैध शराब, जुआ, सट्टा आदि के पनप रहें कारोबार को लेकर पूर्व मंत्री सुरेन्द्र चौधरी ने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को पत्र लिखा है.**

श्री चौधरी ने मुख्यमंत्री को लिखें पत्र में कहा है कि 2 जनवरी की रात थाना बहेरिया अंतर्गत शहडोल निवासी 22 वर्षीय युवती के साथ गैंगरेप की घटना के मुख्य आरोपी को आज तक पुलिस द्वारा गिरफ्तार नहीं किया जा सका है. साथ ही थाना बहेरिया क्षेत्र अंतर्गत आदिवासी युवती की हुई संदिग्ध मौत की निष्पक्ष जांच व आरोपियों पर आज दिनांक तक प्रकरण दर्ज नहीं किया गया है. उन्होंने कहा कि थाना राहतगढ़ के हुरा गांव निवासी अनुसूचित जाति वर्ग के रामबाबू अहिरवार हुई संदिग्ध मौत के बाद भी आरोपियों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज नहीं किया गया है. गत दिवस थाना नरयावली क्षेत्र अंतर्गत आदिवासी महिला को लोन दिलाने के नाम पर उससे दुष्कर्म कर परिवार पर हमला करने की घटना में नरयावली थाने की पुलिस द्वारा पीड़िता के बताएं अनुसार प्रकरण दर्ज न करने पर पीड़िता द्वारा जिला कलेक्टर के समक्ष न्याय की गुहार लगाने के बाद भी आज दिनांक तक पुलिस द्वारा प्रकरण दर्ज नही किया गया हैं.

# शासकीय भवनों से बकाया राशि की वसूली हुई प्रारंभ

**सागर.** निगमायुक्त राजकुमार खत्री ने नगर निगम क्षेत्रांतर्गत शासकीय भवनों से संपत्तिकर सहित अन्य सभी करों की वसूली के निर्देश के बाद शासकीय कार्यालयों द्वारा संपत्तिकर/सेवाकर की राशि जमा करना प्रारंभ कर दिया है. राजस्व अधिकारी बृजेश तिवारी ने बताया कि शासकीय कन्या उत्कृष्ट महाविद्यालय द्वारा बकाया राशि 8 लाख 59 हजार 873/- रुपए की राशि जमा कराई गई. निगमायुक्त ने बताया कि शासकीय विभागों एवं संस्थाओं के भवनों पर अधिरोपित सेवा प्रभार का नगरीय निकायों को भुगतान करने के संबंध में आदेश में लेख किया गया है.